फा. संख्या 18-06/2021-डीडी-III

भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

पांचवा तल, पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन,
सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003
दिनांक: 24 जुलाई, 2023

## कार्यालय ज्ञापन

**विषय: दिनांक 21.07.2023 को पूर्वाह्न 09:30 बजे आयोजित दिव्यांगजनों के राष्ट्रीय निधि के शासी निकाय की 9 वीं बैठक का कार्यवृत्त।**

सचिव, डीईपीडब्ल्यूडी-सह-अध्यक्ष शासी निकाय, दिव्यांगजनों के राष्ट्रीय निधि की अध्यक्षता में दिनांक 21 जुलाई, 2023 को पूवाह्न 09:30 बजे आयोजित दिव्यांगजनों के राष्ट्रीय निधि शासी निकाय की 9 वीं बैठक (ऑनलाइन) के कार्यवृत्त की एक प्रति अधोहस्ताक्षरी को एतद्द्वारा सूचनार्थ और आवश्यक कार्रवाई के लिए अग्रेषित करने का निदेश हुआ है ।

(अमित श्रीवास्तव)
**अवर सचिव, भारत सरकार**
**ईमेल: amit.srivastava@nic.in**

1. श्री संजय पांडेय, जेएस एंड एफए, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली
2. श्री के.आर. वैद्यीश्वरन, जेएस और सीईओ, राष्ट्रीय न्यास, ओल्ड राजिंदर न्गार, नई दिल्ली
3. श्री विजय कुमार मीणा, उप सचिव, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
4. श्री दीप. सी. लाकड़ा, अवर सचिव, उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय
5. श्री अजीतसिंह महावीरसिंह शेखावत, शेखावत डागरा एंड एसोसिएट्स, बी-320, स्वागत रेन फॉरेस्ट-II, कुडासन, गांधीनगर-38242 1, गुजरात
6. डॉ श्री गोविंदराज, नंबर 86, हार्वे पट्टी, तिरुपुरमकुंड्रम, मदुरै, तमिलनाडु -625005
7. श्री गुरुप्रसाद पावस्कर, राज्य आयुक्त दिव्यांगजन, गोवा सरकार
8. श्री ताहा आई. हज्किक, सचिव, राज्य आयुक्त दिव्यांगजन कार्यालय, गोवा सरकार

प्रतिलिपि प्रेषित :

i. सचिव, डीईपीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव।

ii. संयुक्त सचिव (आरवाई) /उप सचिव (पॉलिसी)

**दिनांक 21 जुलाई, 2023 को पूर्वाह्न 9:30 बजे सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सह अध्यक्ष, शासी निकाय की अध्यक्षता में आयोजित दिव्यांगजनों के लिए राष्ट्रीय निधि के शासी निकाय की नौवीं बैठक (ऑनलाइन) का कार्यवृत्त ।**

प्रतिभागियों की सूची अनुबंध में दी गई है ।

2. दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सचिव सह अध्यक्ष, शासी निकाय श्री राजेश अग्रवाल ने प्रतिभागियों (ऑनलाइन) का स्वागत किया और इस विभाग द्वारा आयोजित दिव्य कला मेलों और जनवरी 2023 में गोवा में आयोजित पर्पल फेस्ट के बारे में संक्षेप में जानकारी दी। यह भी कहा गया कि इस तरह के आयोजन महत्व रखते हैं क्योंकि ये न केवल दिव्यांगजनों को दूसरों के साथ जुड़ने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं, बल्कि दिव्यांगजनों को अपने कौशल को प्रदर्शित करने तथा सामाजिक के साथ-साथ आर्थिक रूप से सशक्त बनने के लिए नई दक्षताओं को सीखने में सक्षम बनाते हैं।

3. इसके बाद, गोवा के राज्य आयुक्त दिव्यांगजन श्री गुरुप्रसाद पावस्कर ने बैठक के दौरान एक प्रस्तुति दी। बैठक में बताया गया कि यह राज्य 08-13 जनवरी, 2024 के दौरान पर्पल फेस्ट इंटरनेशनल, 2024 का आयोजन कर रहा है। उत्सव का उद्देश्य यूएनसीआरपीडी के विषय "बिल्डिंग बैक बेटर" के ढांचे में विशेष रूप से प्रासंगिक विविधता और समावेश का प्रदर्शन और उत्सव मनाना है। यह बताया गया कि यह आयोजन चार क्षेत्रों अर्थात् शिक्षा, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन और लिंग पर केंद्रित होगा। इस आयोजन में प्रख्यात वक्ताओं के साथ पैनल चर्चा और कलात्मक लाइव प्रदर्शन, नवीनतम सहायक प्रौद्योगिकी पर भव्य प्रदर्शनियां, हैकेथॉन, स्टार्ट-अप, इमर्सिव एक्सपीरियंस जोन, विशेष और पैरा नेशनल स्पोर्ट्स, राज्य और कंट्री पवेलियन आदि जैसे घटक होंगे।

4. प्रस्तुति में कहा गया कि पर्पल फेस्ट, इंटरनेशनल 2024 में निम्नलिखित ट्रैक प्रस्तावित हैं:

I. **पर्पल थिंक टैंक**: इसमें राष्ट्रीय स्तर के वक्ताओं और पैनलिस्ट के साथ विचार-मंथन सत्र शामिल है।

II. **पर्पल अनुभव**: दिव्यांगजनों के जीवन के प्रति समाज के प्रमुख समूहों को संवेदनशील बनाने का अवसर शामिल है।

III. **पर्पल प्रदर्शनी क्षेत्र**: सीखने का अनुभव और दुनिया भर में उपलब्ध विभिन्न नवाचारों, सहायक यंत्रों और उपकरणों को समझना।

IV. **पर्पल दीक्षांत समारोह**: दिव्यांगजनों से संबंधित विभिन्न विषयों पर विभिन्न सम्मेलनों का समूह शामिल है।

V. **पर्पल खेल-कूद** दिव्यांगजनों और नियमित व्यक्तियों के लिए विभिन्न खेलों से भरा ट्रैक शामिल है जिसमें ब्लाइंड फुटबॉल, व्हीलचेयर क्रिकेट, विशेष ओलंपिक, पैरा एथलेटिक्स, यूनिफाइड बीच क्रिकेट, पैरा स्विमिंग टूर्नामेंट आदि शामिल होंगे।

VI. **पर्पल रेन** : राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजनों के प्रदर्शन जिसमें वे अपनी प्रतिभाओं को जीवंतता के साथ प्रदर्शित करते हैं ।

VII. **पर्पल फन**: इसमें बर्ड वॉचिंग, स्मार्ट सिटी वॉक, एस्ट्रोनॉमी वॉक, गोवा दर्शन, कोस्टल ट्रेल जैसे सुगम्य पर्यटन और अन्य कार्य से भरा ट्रैक शामिल है।

5. पर्पल फेस्ट, इंटरनेशनल 2024 के वांछित परिणामों में दिव्यांगजनों का सहयोग और सशक्तिकरण, दिव्यांगता के बारे में जागरूकता में वृद्धि, सरकारी मान्यता और समर्थन, नेतृत्व (लीडरशिप) विकास और संसाधन जुटाना, हितधारकों का सहयोग और करार आदि शामिल हैं।

6. राज्य सरकार ने राष्ट्रीय निधि से इस आयोजन के लिए 196500000 रुपये (उन्नीस करोड़ पैंसठ लाख) की मांग की है।

7. जीबी ने कहा कि मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय पर्पल फेस्ट के लिए वित्तीय सहायता की सीमा पांच करोड़ रुपये या कुल व्यय का 50% है, जो भी कम हो। विस्तृत विचार-विमर्श के बाद, जीबी ने राज्य आयुक्त दिव्यांगजन, गोवा सरकार को राष्ट्रीय निधि से पांच करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता को मंजूरी देने का फैसला किया। ।

8. बैठक के दौरान राज्य आयुक्त दिव्यांगजन को निम्नलिखित सुझाव भी दिए गए:

i. इस आयोजन के दौरान संबंधित संयुक्त सचिवों द्वारा विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों द्वारा अधिसूचित सुगम्यता संबंधी सुसंगत दिशा-निर्देश प्रदर्शित किए जा सकते हैं। राज्य आयुक्त से अनुरोध किया गया था कि वे इस संबंध में इन अधिकारियों से पहले ही संपर्क करें।

ii. राज्य आयुक्त अपनी जागरूकता और पहुंच को बढ़ाने के लिए इस आयोजन में अन्य राज्यों की फिजिकल और वित्तीय भागीदारी की संभावना पर विचार करें।

iii. राज्य आयुक्त उच्चतर शिक्षा विभाग तथा स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के तहत विभिन्न संस्थानों की भागीदारी के लिए शिक्षा मंत्रालय के साथ समन्वय करेंगे। शिक्षा मंत्रालय इस आयोजन के दौरान समावेशी शिक्षा पर प्रस्तुतियां देने के लिए आयोजन कर सकता है।

iv. राज्य आयुक्त इस आयोजन में उक्त मंत्रालय के तहत प्रशिक्षण संस्थानों की भागीदारी की संभावना के लिए श्रम और रोजगार मंत्रालय के साथ समन्वय करें।

v. इस आयोजन में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग और खेल विभाग की भागीदारी। राज्य आयुक्त संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करें ।

vi. राज्य आयुक्त इस आयोजन में डीडीआरएस और डीडीआरसी की भागीदारी का पता लगाएंगे।

9. अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद प्रस्ताव देने के साथ बैठक समाप्त हुई ।

अनुबंध

## प्रतिभागियों की सूची

| | | |
|---|---|---|
| **क** | **शासी निकाय के सदस्य** | |
| 1 | श्री राजेश अग्रवाल, सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग | अध्यक्ष |
| 2 | श्री राजेश यादव, संयुक्त सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग | संयोजक और सीईओ |
| 3 | श्री संजय पांडे, संयुक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार, डीईपीडब्ल्यूडी | सदस्य |
| 4 | श्री के. आर. वैधीश्वरन, संयुक्त सचिव और सीईओ, राष्ट्रीय न्यास | सदस्य |
| 5 | श्री विजय कुमार मीणा, उप सचिव, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय | सदस्य |
| 6 | श्री दीप सी लाकड़ा, अवर सचिव, उच्चतर शिक्षा विभाग | सदस्य |
| 7 | श्री अजीत सिंह शेखावत, गुजरात | सदस्य |
| 8 | डॉ. श्री गोविंदराज, मदुरै, तमिलनाडु | सदस्य |
| **ख** | **विभागीय अधिकारी** | |
| 9 | श्री निठाली राम, उप सचिव (नीति) | |
| 10 | श्री अमित श्रीवास्तव, अवर सचिव (नीति) | |
| 11 | श्री सुशील कुमार, अनुभाग अधिकारी (नीति) | |
| 12 | श्री संजय मित्तल, प्रोग्राम अधिकारी, राष्ट्रीय निधि | |
| **ग** | **गोवा राज्य सरकार** | |
| 13 | श्री गुरुप्रसाद पावस्कर, राज्य आयुक्त दिव्यांगजन | |
| 14 | श्री ताहा आई. ह्ज्जिक, सचिव, राज्य आयुक्त दिव्यांगजन कार्यालय | |